केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 182 शनिवार 25 जनवरी 2025 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## एक नजर

### अजय अध्यक्ष दिनेश मंत्री बने



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शिवहर्ष उपाध्यक्ष किसान इंटर कॉलेज के सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। निर्विरोध चुनाव में अजय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष, दिनेश कुमार यादव जिलामंत्री व शिवशंकर कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत श्री द्विवेदी ने बताया कि जय प्रकाश मिश्र जिला संयोजक, फागू लाल गुप्ता,डॉ बेचन यादव,विजय कुमार, बलराम रोहिदास,अमरेश कुमार सिंह,अजय शुक्ल,आदित्य प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किया गया है।संयुक्त मंत्री के पद पर रवीश पांडेय, हनुमान प्रसाद को निर्वाचित किया गया है, शेष पदों पर बाद में मनोनयन किया जायेगा।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा के शिक्षक स्वाभिमान की हर हाल में रक्षा की जाएगी। शिक्षक समस्याओं का संग्रह करके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक व जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त कराया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कण्डेय सिंह, प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम पूजन सिंह, मंडल मंत्री अरुण कुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार शाही, मनोज कुमार सिंह,अनिल कुमार यादव,अरबिंद श्रीवास्तव,राम नरोत्तम प्रसाद, साहबराम मौर्य,कमलेश चौधरी, महिमा पांडेय, शोभा त्रिपाठी,नरेश कुमार,अशोक सिंह, अखिलेश कुमार यादव , सूर्यप्रकाश,देवब्रत सिंह, यशवर्धन शुक्ला,रमेश गुप्ता,अरविन्द सिंह,इंद्र बहादुर, अरुण कुमार तिवारी सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### लापता युवक की लाश तालाब से बरामद

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। लालगंज थानांतर्गत परसांव गांव में आठ दिनों से लापता एक युवक की लाश सुबह तालाब में उतराती मिली। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कुदरहा चौकी पर दी। थोड़ी देर में एसओ लालगंज सुनील कुमार, चौकी इंचार्ज रामअशोक यादव के साथ फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटनास्थल का सीओ रुधौली स्वर्णिमा सिंह ने भी निरीक्षण कर छानबीन की।

लालगंज के परसाव गांव के पूरब एक कॉलेज के पास तालाब में शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की पहचान विनय कुमार गौड़ (26) पुत्र स्व. रघुनाथ निवासी परसांव थाना लालगंज के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि विनय मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वह अक्सर घर से लापता रहता था। फिर दो–चार दिन बाद वापस आ जाता था। इस बार भी पिछले आठ दिनों से वह घर नहीं आया था। परिजनों का कहना है कि वह अक्सर कुछ दिनों बाद घर लौट आता था, इसलिए थाने पर सूचना नहीं दी थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने लोगों से पूछताछ की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। सीओ रुधौली नें बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया हैं। मामले की छानबीन की जा रही है। परिवार के लोगों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। छानबीन की जा रही है।

# यूपी में 180 डिग्री परिवर्तन हो गया– धनखड़



**लखनऊ (आभा)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि उनके आने से यूपी में 180 डिग्री परिवर्तन हो गया। धनखड़ ने कहा कि एक मामले में सीएम योगी कटघरे में हैं क्योंकि उन्होंने अपराध पर करारा प्रहार किया है और राज्य की कानून व्यवस्था बेहतर कर दी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यूपी के लोगों को अब विकास का चस्का लग गया। विकसित भारत में सबसे बड़ी आहुति यूपी को देनी है और आने वाले वक्त में यूपी देश का नंबर एक राज्य बनेगा। यूपी दिवस के मौके पर जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के पोर्टल को लॉन्च किया।

धनखड़ ने कहा कि वो 1 फरवरी को महाकुंभ जाएंगे और मां गंगा में डुबकी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में सुखद वातावरण और अनलिमटेड पोटेंशियल है। मुख्यमंत्री युवा योजना बहुत अच्छी है और सरल भी है। यूपी की पहचान विकास की रफ्तार है। सीएम योगी ने चमत्कार कर दिया। यूपी की पहचान पहले कानून–व्यवस्था की चिंता वाली थी। लगता था कि यूपी किसी चक्रव्यूह में फंसा है लेकिन मुख्यमंत्री राज्य को इससे बाहर निकाल ले आए। उन्होंने कहा कि लगातार दो बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले योगी पहले नेता हैं।

जगदीप धनखड़ ने अवैध प्रवासियों की समस्या पर भी बात की और कहा कि करोड़ों लोग अवैध रूप से रह रहे हैं। ये लोग चुनाव में भूमिका निभाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध लोग दुनिया भर में बड़ी समस्या हैं लेकिन इससे निपटने की जरूरत है।

## कांग्रेस नेताओं ने किया सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को एक निजी कार्यक्रम में कप्तानगंज विकास खण्ड क्षेत्र के ऐठीडीह जा रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सांसद प्रमोद तिवारी का पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने कप्तानगंज में फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू' नोमान अहमद, नीलम चतुर्वेदी आदि ने प्रमोद तिवारी को कांग्रेस के सांगठनिक विस्तार एवं अन्य स्थितियों की जानकारी दी। प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस नेताओं का आवाहन किया कि वे संगठन की मजबूती के लिये जुट जाय जिससे आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनावों में पार्टी निर्णायक स्थिति बना सके।

सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत करने वालों में गंगा प्रसाद मिश्र, पंकज उपाध्याय, सुल्तान अहमद, रामधीरज चौधरी, डा. आलोक रंजन, राजेन्द्र चतुवेदी, प्रशान्त पाण्डेय, लक्ष्मी यादव के साथ ही कांग्रेस के अनेक नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आस्था के तालाब में न जाने पाये नाली का पानी: बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । शुक्रवार को बजरंग दल के जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन मुख्य राजस्व अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि बस्ती सदर विकास खण्ड के परासी गांवसभा में मुस्लिमों द्वारा गड़ही पर कब्जा कर मकान बनवा लेने और घरों के नाली का पानी हिन्दुओं के आस्था के तालाब में गिराये जाने हेतु नाली निर्माण कराये जाने के मामलों की जांच कराकर गड़ही की जमीन को खाली कराकर नाली निर्माण रोका जाय।

ज्ञापन देने के बाद बजरंग दल के जिला संयोजक मनमोहन त्रिपाठी और जिला गोरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय ने कहा कि विकास खण्ड के परासी गांवसभा में गड़ही की जमीन से अवैध कब्जा हटवाकर नाली का निर्माण रोका जाय। चेतावनी दिया कि यदि नाली का निर्माण एक सप्ताह के भीतर न रोका गया तो आन्दोलन किया जायेगा। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सोनू चौहान, धर्मेन्द्र कन्नौजिया, अनिल प्रजापति, संतराम कन्नौजिया, रामानन्द सचिन, दिलीप कुमार, वृजेश चौधरी, मेहीलाल, मुकेश कुमार, गीता देवी, सूरज, राजकुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार, शिव प्रसाद, गोलू गुप्ता, चन्द्रशेखर, दुर्गा प्रसाद, राजन मिश्र, दिलीप बाबा, रामवृक्ष, राम औतार, अखिलेश, अमन, सुरजीत कुमार आदि शामिल रहे।

## उद्यमियों को गौरव सम्मान



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत लाभार्थियों को डेमो चेक, टूलकिट, कुम्हारी चाक, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जनपद के युवाओं, उद्यमियों एवं कारीगरों का भारत रत्न पं0 अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षाग्रह में गौरव सम्मान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण उपस्थित लोगों ने सुना। प्रभारी मंत्री का स्वागत जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने बुके दे कर किया।

स्वागत के क्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, एमएलसी प्रतिनिधि हरीश सिंह, विधायक प्रतिनिधि हर्रैया सरोज मिश्रा तथा अपना दल के जिलाध्यक्ष का बुके देकर स्वागत किया गया।

## विधायक अजय सिंह के सहयोग से 1800 यात्री महाकुंभ के लिए रवाना



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। हरैया विधायक अजय सिंह के द्वारा निशुल्क प्रयागराज महाकुंभ और अयोध्या भगवान राम के दर्शन के लिए क्षेत्रवासियों को भेजे जाने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को छठवें चरण में 30 बसों में 1800 तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। विक्रमजोत ब्लाक प्रमुख कृष्ण कुमार सिंह और अन्य के द्वारा झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया गया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए। विधायक के सहयोग से यात्रा के लिए आवश्यक वस्तुओं का वितरण भी श्रद्धालुओं में किया गया। प्रमुख ने सुखद और मंगल यात्रा की कामना करते हुए शुभकामना दिया। प्रमुख ने बताया कि यह बसें तीर्थयात्रियों को लेकर महाकुंभ में प्रयागराज जाएंगी, जहां उन्हें दर्शन स्नान कराने के बाद वापस अयोध्या दर्शन कराते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचाएंगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए रहने–खाने इत्यादि की भी व्यवस्था विधायक द्वारा निःशुल्क कराई गई है।

इस अवसर पर परशुरामपुर प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश पान्डेय, अखिलेश सिंह प्रधान, राम ललित पाण्डेय, भारत सिंह, निर्मल सिंह, मोहन मिश्रा, बृजेश मिश्रा, विक्कू सिंह, बड़े सिंह, राजन पान्डेय, बीरू सिंह, दुर्गेश सिंह, विनोद गुप्ता, मनोज पाण्डेय, अंकित चौधरी, मुन्ना सिंह, विनोद गुप्ता, अतुल तिवारी, राजन तिवारी, ज्ञान विक्रम सिंह, मनीष सिंह, राजू मौर्या, दीपक, सचिन श्रीवास्तव, सीताराम मौर्या, बबलू सिंह, रविन्द्र सिंह, दीपक, छेदीलाल, जय प्रकाश, अखिलेश, रंजय कन्नौजिया, पंचम वर्मा, रामपाल सोनकर, विजय पाल वर्मा, सूर्यलाल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हरिशंकर अध्यक्ष, सन्तोष मंत्री बने:आईटीआई के वार्षिक अधिवेशन में गूंजा 'एक रहो, सेफ रहो' का नारा




**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से सम्बद्ध औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ का वार्षिक अधिवेशन राजकीय आई.टी.आई.सभागार में रणंजय सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में प्रान्तीय पर्यवेक्षक आशुतोष वर्मा की देख रेख में चुनाव अधिकारी अजय कुमार राना ने चुनाव सम्पन्न कराया। रणंजय सिंह संरक्षक, हरिशंकर अध्यक्ष, सन्तोष कुमार चौरसिया मंत्री, मोहम्मद अजहरूद्दीन कोषाध्यक्ष घोषित किये गये।

पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि कर्मचारी एकजुट न रहे तो उनके अधिकार एक–एक कर छीन लिये जायेंगे। उन्होने अधिकार के लिये संघर्ष पर जोर दिया। परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल, जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि लम्बे संघर्ष के बाद आठवे वेतन आयोग की घोषणा तो हुई किन्तु अभी तक कमेटी का गठन नहीं किया गया। पुरानी पेंशन नीति को लेकर सरकार का हठवादी रवैया बना हुआ है और निजीकरण का खतरा मड़रा रहा है। ऐसे में एक रहो, सेफ रहो के संकल्प के साथ चरणबद्ध आन्दोलनों को गति देना होगा।

अधिवेशन में ट्यूवेल टेक्निकल इम्पलाइज एसोसिएशन मंत्री सन्तोष राव, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ अध्यक्ष मंशाराम, श्रीमती बेबी, नीतू सिंह, नन्दमोहन सिंह, अनूप वर्मा, राजेश उपाध्याय, रंजीता, आशुतोष यादव, हरिकिशोर पाण्डेय, एस.एन. वेग, अजय पटेल, अशोक भारती, विनोद कुशवाहा, विजय शर्मा, वृजेश उपाध्याय, सुजीत कुमार, रामदीन, हनुमान मिश्र, अरविन्द कुमार, रोली मिश्रा, मंगलमूर्ति पाठक, पवन कुमार, सन्तोष गुप्ता, विनोद सिंह, सुभाष श्रीवास्तव, राजेश चतुर्वेदी, योगेन्द्र यादव के साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

## फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने लिया संन्यास



**प्रयागराज (आभा)।** जानी मानी फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी ने कुंभनगरी में आकर संन्यास दीक्षा ली। दीक्षा के बाद उनका नाम बदलकर अब श्रीयामाई ममतानंद गिरि हो गया। संगम तट पर उनकी संन्यास दीक्षा हुई। शाम को किन्नर अखाड़ा आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी की अगुवाई में उनका पट्टाभिषेक हुआ। हर–हर महादेव के जयकारों के साथ उनको अखाड़े में धर्मध्वजा के नीचे पट्टाभिषेक कराया गया।

शुक्रवार सुबह सेक्टर–16 संगम लोवर मार्ग स्थित किन्नर अखाड़ा शिविर पहुंची। इसके बाद उनकी संन्यास दीक्षा क्रियाएं आरंभ हुईं। आचार्य पुरोहित की मौजूदगी में करीब दो घंटे तक संन्यास दीक्षा हुई। श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर गर्गाचार्य मुचकुंद, पीठाधीश्वर स्वामी महेंद्रानंद गिरि समेत अन्य संतों की मौजूदगी में धार्मिक क्रियाएं हुईं। इसके बाद शाम को संगम तट पर पिंडदान हुआ।

## बस्ती में बनेगा कर्पूरी ठाकुर चौराहा- आशीष पटेल



### -कर्पूरी ठाकुर के 101 वीं जयन्ती पर संगोष्ठी में विमर्श

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । शुक्रवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर के 101 वीं जयन्ती पर ऑल इण्डिया महापद्मनन्द कम्युनिटी एजूकेटेड एशोसिएशन जिलाध्यक्ष आलोक ठाकुर के संयोजन में हीरालाल चौधरी प्राथमिक विद्यालय वाल्टरगंज के परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन संघर्षमय रहा। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होने राजनीति में सादगी का उदाहरण पस्तुत किया। इससे नई पीढी को प्रेरणा लेना चाहिये। उन्होने बस्ती शहर में कर्पूरी ठाकुर चौराहा घोषित कराने का आश्वासन दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि भाजपा की सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर लम्बे समय से चल रही मांग को पूरा किया। अन्य सरकारों ने उनके योगदान को उपेक्षित किया। विशिष्ट अतिथि ठाकुर प्रेम नन्दबंशी, आर.के. आरटियन ने कहा कि जब तक समाज में विषमता, उत्पीड़न, शोषण का वैचारिक चरित्र जीवित है जननायक कर्पूरी ठाकुर प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों में नन्द पुस्तिका का वितरण किया गया। संचालन डा. हरिकेश नन्दबंशी ने किया।

जननायक कर्पूरी ठाकुर के 101 वीं जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से बब्बन शर्मा, अनिल शर्मा, मनोज वर्मा, सन्तोष शर्मा, कमलेश शर्मा, सुभाष शर्मा, ललित शर्मा, ओंकार शर्मा, शिव कुमार चौधरी, बाबा ठाकुर, राम किशोर ठाकुर, राजमणि चौधरी, अमरनाथ चौधरी, राम सिंह पटेल के साथ विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

## दीक्षांत समारोह: मेधावियों में प्रमाण–पत्र का वितरण



### -तकनीकी ज्ञान से देश को समृद्ध करें युवा- अंकुर वर्मा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। शुक्रवार को राजकीय पालीटेक्निक छबिलहाखोर सदर बस्ती में दीक्षांत समारोह में मेधावियों में प्रमाण–पत्र का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा कि आज के दौर में तकनीकी शिक्षा की मांग बढ़ गई है। इसीलिए हर विद्यार्थी को चाहिए कि वह तकनीकी ज्ञान जरूर हासिल करें ताकि, किसी भी क्षेत्र में जाएं तो उन्हें रोजगार और नौकरी के लिए भटकना न पड़े। कहा कि ज्ञान, नौकरी, सेवा और संस्कार इसी के जरिए समाज व देश का भविष्य बदलेगा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य, विभागाध्यक्ष और सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी आदि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। प्रधानाचार्य एम.एम. सलीम ने कालेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

संस्थान के सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी ने बताया कि सत्र 2021–24 में कुल 108 छात्र पास हुए जिसमें यांत्रिक अभियांत्रिकी में ऋषभ तिवारी, इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स में सुरज प्रभात एवं टेक्सटाइल डिजाइन में आदित्य दूबे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन शिव प्रकाश त्रिपाठी प्रवक्ता यांत्रिक, सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी एवं वर्तिका उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र प्रसाद विभागाध्यक्ष यांत्रिक, विपिन यादव विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स, नीरज मिश्रा रजत यादव हुमाम अहमद, देवव्रत कुमार, अशोक कन्नोजिया, शुभम पटेल, विवेक सिंह, वैशाली सिंह, मो अब्दुल्ला, आदित्य सिंह,राजाराम ,गौरव कुमार, दिनेश चन्द्रा, प्रदीप यादव, मुक्तिनाथ, राजेश,अभिलाष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## जयन्ती पर याद किये गये जन नायक कर्पूरी ठाकुर



### -जन नेता थे कर्पूरी ठाकुर- जगदीश शुक्ल
### -शीघ्र होगा कर्पूरी ठाकुर पार्क, प्रतिमा का निर्माण- अंकुर वर्मा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । शनिवार को जन नायक कर्पूरी ठाकुर को उनके जयन्ती पर याद किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता पवन वर्मा के नेतृत्व में रंजीत कालोनी में कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही उन्हें नमन् करते हुये वक्ताओं ने योगदान पर प्रकाश डाला।

कर्पूरी ठाकुर के योगदान पर चर्चा करते हुये भाजपा नेता पवन वर्मा ने कहा कि वे देशी माटी में जन्मे देशी मिजाज के राजनेता थे जिन्हें न पद का लोभ था, न उसकी लालसा और जब कुर्सी मिली भी तो उन्होंने कभी उसका न तो धौंस दिखाया और न ही उसका तामझाम। मुख्यमंत्री रहते हुए सार्वजनिक जीवन में ऐसे कई उदाहरण हैं जब उन्होंने कई मौकों पर सादगी की अनूठी मिसाल पेश की। भारतीय राजनीति में ऐसे विलक्षण राजनेता कम ही मिलते हैं। शायद इसीलिए कर्पूरी ठाकुर को सिर्फ नायक नहीं अपितु जननायक कहा गया। कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि मिल गया, जरूरत है उनके आदर्शों को जीवन में उतारा जाय।

भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदीश शुक्ल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गाँव पितौंझिया, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है, में हुआ । बताया कि भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे। उनकी जड़ें जनता–जनार्दन के बीच गहरी थीं। तब संचार के इतने सशक्त माध्यम नहीं थे। बावजूद इसके कोई घटना होने पर वह सबसे पहले उनके बीच पहुंचते थे। यह जनता के बीच उनकी गहरी पैठ और आपसी सामंजस्य का प्रतिफल था। वो हमेशा जनता की बेहतरी के लिए प्रयत्नशील रहे। ऐसे जन नेता से राजनीतिज्ञों को प्रेरणा लेनी चाहिये। अंकुर वर्मा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में कर्पूरी ठाकुर की स्मृति में पार्क और प्रतिमा स्थापना की दिशा में प्रयास किये जा रहे हैं। अति शीघ्र यह साकार रूप लेगा। कर्पूरी ठाकुर के जयन्ती अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राहुल श्रीवास्तव, आशीष शुक्ल, अंकुर श्रीवास्तव, महेन्द्र सोनकर, सचिन शुक्ल, अमन श्रीवास्तव, सत्येन्द्र मिश्र, वीरेन्द्र वर्मा, रोहन श्रीवास्तव, विष्णु शर्मा, प्रिन्स श्रीवास्तव, अखिलेश त्रिपाठी, सन्तोष भारद्वाज, बच्चूलाल निषाद, सुजीत पाण्डेय, रजनीश वर्मा, सौरभ पाण्डेय, सूरज गुप्ता, मनोज शर्मा, जामवन्त वर्मा के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

